इस ग्रीन एनर्जी कंपनी को मिले कई सोलर प्रोजेक्ट, शेयरों ने भरी उड़ान

Multibagger Stock: केपीआई ग्रीन एनर्जी को सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए 26.15 मेगावाट के नए ऑर्डर मिले हैं। इसके शेयर के लिए आज लूट मची है।

Thu, 6 June 2024 11:16 AM

Multibagger Stock: केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर के लिए आज लूट मची है। इनके भाव 6 जून को शुरुआती कारोबार में 4 प्रतिशत से अधिक बढ़ गए। केपीआई के शेयरों में आए इस उछाल के पीछे कंपनी को कई संस्थाओं से सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट्स का मिलना है। आज सुबह केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर 1754 रुपये पर खुले और 1766.60 रुपये के दिन के हाई पर पहुंच गए। इससे पहले आज ये 1716.15 रुपये तक आ गए थे। सुबह 11 बजे के करीब इसमें 4.81 फीसद की उछाल थी और यह 1763.50 रुपये पर पहुंच गया था।

26.15 मेगावाट के नए ऑर्डर

कंपनी को सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए 26.15 मेगावाट के नए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सन ड्रॉप्स एनर्जिया प्राइवेट लिमिटेड इन प्रोजेक्ट्स को डेवलप करेगी। ऑर्डर की शर्तों के अनुसार प्रोजेक्ट्स को वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न किस्तों में पूरा किया जाना है।

पांच साल में 900 से अधिक का रिटर्न

अगर केपीआई ग्रीन एनर्जी की शेयर प्राइस हिस्ट्री की बात करें तो पिछले पांच साल में 900 से अधिक का रिटर्न दिया है। पांच साल पहले यह स्टॉक 176.38 रुपये का था। पिछले एक साल 400 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। पिछले एक साल में इसने अपने निवेशकों के एक लाख रुपये को 5 लाख में बदल दिया है।

इस साल अबतक इसने 85 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले छह महीने में इसने 128 फीसद का रिटर्न दिया है। इसका 52 हफ्ते का हाई 2109.15 रुपये और लो 343.23 रुपये है। हालांकि, एक महीने में यह 10 फीसद से अधिक टूटा है।

बता दें मई में कंपनी बोर्ड ने योग्य संस्थागत प्लेसमेंट के माध्यम से शेयर जारी करके 1,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। नियामक फाइलिंग के अनुसार, यह शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।